हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 जगराता के बाद हवन भंडारा



12 विधायक ने विभिन्न दुर्गोत्सव पूजा मंडप में की पूजा अर्चना





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## बस्तर दशहरा में शामिल होने मांई जी की डोली व छत्र हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शारदीय नवरात्र के नवमीं को मांई जी की डोली जगदलपुर के बस्तर दशहरा में शामिल होने रवाना हुई। सर्वप्रथम मंदिर परिसर में सशस्त्र जवानों ने ऐतिहासिक परम्परानुसार सलामी दी। इसके बाद मुख्यद्वार होते हुए मांई जी की डोली व छत्र नगर के जयस्तंभ चौक पहुंचा।

जयस्तंभ के बाद डंकनी नदी पुल के आगे पूजा स्थल पर ससम्मान रखा गया, जहां कलेक्टर मंयक चतुर्वेदी व एसपी गौरव राय सहित नगरवासियों ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। पूजा स्थल से मांई जी की डोली व छत्र को फूलों से सजे वाहन में रखकर विदाई दी गई।

**खास बातें**
- फूलों से सजे वाहन को नगरवासियों ने किया विदा
- सशस्त्र जवानों ने दी सलामी और किया रवाना





जगदलपुर में आयोजित बस्तर दशहरा में शामिल होंगी। हर वर्ष मांई जी की डोली व छत्र अष्टमी को जगदलपुर के लिए रवाना होती थी। लेकिन इस बार अष्टमी व नवमीं शुक्रवार को एक ही दिन होने के कारण मांई जी की डोली व छत्र को नवमी को रवाना किया गया।

### मंदिर परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित

अष्टमी व नवमीं एक साथ होने की वजह से शुक्रवार को मंदिर परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्णाहूति हवन, नौ कन्या भोज तथा ज्योति कलश विसर्जन किया गया। इसके बाद शाम 4 बजे मांई जी की डोली व छत्र रवाना किए गए।

### खबर संक्षेप

#### बस्तर ओलंपिक में भाग लेने 20 तक करा सकेंगे पंजीयन

**कोण्डागांव।** बस्तर संभाग में खेल के क्षेत्र में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने और यहां के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके खेल प्रतिभा को पहचानकर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। जिसकी अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। बस्तर ओलंपिक में 14 से 17 वर्ष एवं 17 से अधिक आयुवर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। इसके अलावा विशेष रूप से माओवादी प्रभावित दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित माओवादियों का खेल प्रतियोगिताएं सीधे संभाग स्तर पर आयोजित किया जाएगा। आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ी 20 अक्टूबर तक प्रत्येक विकासखण्ड के जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पालिका, नगर पंचायत, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड स्त्रेत समन्वयक कार्यालय में पंजीयन कर सकते हैं।

### बस्तर जिला मुख्यालय में एक बार हुआ था प्रयास, नहीं मिला जन समर्थन

## बस्तर में देवी की होती है पूजा पर रावण दहन की परंपरा नहीं

**केवल किरंदुल में होता है विजयादशमी पर रावण दहन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/किरंदुल

दशहरा पर्व के विजयादशमी में बस्तर में रावण दहन नहीं किया जाता है। बस्तर भूमि देवी शक्ति का स्थल है, यहां गांव-गांव में शक्ति की पूजा होती है। प्रायः सभी गांव में देवगुड़ी का होना अपने आप में देवी की उपासना माना जाता है। दंतेवाड़ा जिले के केवल किरंदुल में ही विजयादशमी पर रावण दहन होता है। किरंदुल और बचेली को बैलाडीला कहा जाता है, क्योंकि यहां एनएमडीसी की परियोजना है। एक तरह से मुख्यालय आंध्रप्रदेश के हैदराबाद में होने से इस इलाके में पूरे भारत के अलग-अलग प्रांत के लोग रहते हैं, जिनमें दक्षिण भारत के लोग अधिक मिलेंगे। उत्तर भारत के भी लोग बड़ी संख्या में परियोजना में सेवा के साथ-साथ व्यापार आदि में बसे हुए हैं। इसलिए यहां अनेकता में एकता होने के कारण रावण दहन शुरू किया गया, जो हर वर्ष विजयादशमी के दिन होता है। बस्तर के चर्चित कलेक्टर रहे इमली आंदोलन के प्रणेता प्रवीर कृष्ण ने रावण दहन का प्रयास किया था। लालबाग में उनके समय में रावण दहन हुआ भी, लेकिन जन समर्थन नहीं मिल पाया। इसलिए यहां दशहरा रियासतकालीन परंपरा के अनुसार मनाया जाता है। जिसमें राज परिवार उनके सभी जमींदार परिवार और बस्तर में बसने वाले सभी आदिवासी, गैर आदिवासी समाज की भागीदारी रहती है। शुरूआत से लेकर पर्व के अंत तक गांव-गांव से आने वाले देवी-देवताओं और बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की विदाई की जाती है। इसलिए बस्तर में देवी-देवताओं की पूजा सर्वोपरि है।





### 56 वर्षों से रावण दहन

किरंदुल में इस बार 56 फ़ीट के रावण का वध होगा। एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना के स्थापना के समय से अविभाजित मध्यप्रदेश अब छत्तीसगढ़ राज्य के दूर दराज के क्षेत्रों से एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्य करने आये निवासियों के सांस्कृतिक संगठन छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल के तत्वाधान में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के फुटबॉल ग्राउंड में लगातार 56 वर्षों से विजयादशमी पर दशहरे के दिन भव्य सार्वजनिक दशहरा उत्सव कार्यक्रम में रावण के पुतले का दहन असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाने के लिए किया जाता है। उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल के द्वारा आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम को एवं दहन पश्चात आतिशबाजी को देखने परियोजना क्षेत्र के आस पास के आदिवासी क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इस दौरान रामलला की झांकी निकाल पूरे नगर का भ्रमण किया जाता हैं।

### भगवान राम का वनवास काल

बस्तर को दण्डकारण्य क्षेत्र भी कहा जाता है। भगवान राम जब 14 साल के वनवास काल में लंका की ओर रवाना हुए उस समय दंडक वन क्षेत्र बस्तर से होकर भगवान राम के लंका जाने का कई प्रमाण आज भी दक्षिण बस्तर और वहां लगे ओडिशा के वन क्षेत्र में मिले हैं। कोंटा ब्लाक के इंजरम में राम का पद चिन्ह है। सुकमा ब्लाक का रामाराम को भी भगवान राम के वनगमन के साथ जोड़ा जाता है। इतिहासकारों ने कई स्थलों का वर्णन किया है जहां से होकर भगवान राम लंका गए थे, उसमें बस्तर का विशेष तौर उन ग्रामीण क्षेत्रों का वर्णन है रामायण में जिसका उल्लेख है। इस तरह दशहरा पर्व में शक्ति की पूजा और भगवान राम का आराधना किया जाता है।

## गार्डों पर जानलेवा हमला आरोप में 3 युवक गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा/किरंदुल।** लोहा चोरी करने से रोकने पर गार्डों पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस किरन्दुल कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में शहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षक थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू द्वारा टीम बनाकर रात में पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे एलएंडटी कंपनी से लोहा चोरी कर ले जा रहे 3 चोरों को सिक्युरिटी गार्डों द्वारा पकड़ने की कोशिश किये तो उनके उपर लोहे के रॉड, सरिया व चाकू से हमला किया गया। जिससे गार्ड अनुज कुमार गुप्ता चोटिल हो गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पेट्रोलिंग पार्टी के साथ घटनास्थल पहुंचकर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। हमले में प्रयुक्त चाकू व लोहे के सरिया तथा चोरी कर ले जा रहे सामग्री 6 मोटा लंबा सरिया व सेंट्रिंग

- लोहा चोरी करने के दौरान गार्डों पर किया था हमला



करने का छोटा 8 जैक राड जब्त कर लिया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

भीमाराम ओयामी पिता कामा ओयामी उम्र-25 वर्ष, मुददा ओयामी पिता कामा ओयामी उम्र 22 वर्ष, छन्नू ओयामी पिता स्व. हिंगो ओयामी उम्र-19 वर्ष सभी आरोपियों को 11 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। पूर्व में भी इसमे से दो आरोपी भीमाराम ओयामी व मुददा ओयामी हत्या के जुर्म में जेल जा चुके हैं।

### इनका रहा योगदान

कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक के. सीमाचल, उत्तम कुमार ध्रुव, प्रआर देव गौर, आरक्षक ओम प्रकाश वट्टी, देव लाल सिदार एवं एल एंड टी कंपनी के सिक्युरिटी गार्ड, पीड़ित अनुज कुमार गुप्ता व हिमांशु कुमार गुप्ता की मत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिले में बिना पंजीयन बेखौफ दौड़ रहे सैकड़ों वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला मुख्यालय में सैकड़ों वाहन परिवहन विभाग में बिना पंजीयन के बेखौफ चल रहे हैं। विभाग के अनुसार एक बार बिना पंजीयन के व्यवसाय करते पाए जाने पर 5 हजार रूपए एवं दूसरी बार मिलने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना किया जाना है। इस पर परिवहन विभाग रायपुर के निर्देश से वर्ष 2021 में तत्कालीन उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने 13 गुड्स ट्रांसपोर्टरों को 65 हजार रूपए का जुर्माना किया। बताया जा रहा है कि गुड्स ट्रांसपोर्टर के लिए परिवहन विभाग में पंजीयन जरूरी है। उसके बाद से शहर के क्षेत्रीय परिवहन

- 3 वर्ष पूर्व 13 पर हुई थी कार्रवाई, अब ठंडे बस्ते में



अधिकारी कार्यालय में कर्मचारी तय किया गया था, पर गुड्स ट्रांसपोर्टर पंजीयन के लिए नहीं पहुंचे। हालांकि वर्तमान में विभाग की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### उड़नदस्ता को देंगे निर्देश

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि गुड्स ट्रांसपोर्टर के खिलाफ कार्रवाई के लिए उड़नदस्ता प्रभारी को निर्देश दिया जाएगा।

### सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की हुई पहचान

## चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र में चार माह पूर्व घर में घुस कर 98 हजार रुपए की चोरी कर आरोपी भाग गया था। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान हुई। गुरुवार को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में संतोष गुप्ता के घर में घुस कर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पेटी से 98 हजार रुपए चोरी कर ले गया हैं। इसकी रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के



पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया। टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से अध्ययन कर घटना के संदेही आदम नेताम उर्फ राजू पिता कामलोचन उम्र 23 वर्ष निवासी नयामुण्डा काफी दिनों से पतासाजी किया जा रहा था। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उप निरीक्षक अरुण मरकाम, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, नितेश मेश्राम, आरक्षक भूपेंद्र नेताम, होरी लाल आर्मो, त्रिनाथ कश्यप शामिल रहे।

## उपकेंद्र निर्माण अधर में दो दर्जन गांवों में नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सरगीपाल एवं चोंडीमेटा के उपकेन्द्र निर्माण कार्य अधर में होने के चलते क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों के ग्रामीणों को बेहतर बिजली सेवा नहीं हो पा रही है। सरगीपाल एवं चोंडीमेटा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि शासन के आदेश के बाद भी बेहतर बिजली सेवा से वंचित हैं। कंपनी ने ठेकेदार को कई बार कारण बताओ नोटिस दिया पर इसको ठेकेदार ने अनदेखा किया। इस पर कंपनी ने दोनों निर्माणाधीन कार्य के ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर दिया। कंपनी दूसरे ठेकेदार से निर्माण कार्य पूरा करने के इंतजार कर रही है। इसके अलावा सुकमा जिले के बंडा में ठेकेदार ने बोर खुदवाया पर उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं कर सका।

- कार्य पूरा नहीं होने से टेंडर निरस्त, कंपनी को दूसरे ठेकेदार का इंतजार



### उपकेन्द्र पूरा कराने के दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि दोनों उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य दूसरे ठेकेदार से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र के प्रोजेक्ट के अधिकारी को निर्देश दिया कि उपकेन्द्र पूरा कराएं।

## डिमरापाल पंचायत सचिव गबन और लापरवाही के आरोप में निलंबित

**जगदलपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर ने जनपद पंचायत बकावण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिमरापाल के सचिव गनपत नागेश को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत बकावण्ड से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम पंचायत डिमरापाल के सचिव गनपत नागेश के द्वारा स्थानीय संपरीक्षा से आडिट नहीं कराने, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदाता सूची तैयार, पुनरीक्षण कार्य नहीं कराए जाने, मूलभूत योजना एवं 15वें वित्त आयोग की राशि का गबन किए जाने का आरोप है। इसके अलावा विगत 8 माह में मात्र 4 से 5 दिवस ही ग्राम पंचायत में उपस्थित रहने एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी पूछने पर अभद्र व्यवहार किए जाने के कारण गनपत नागेश सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल जनपद पंचायत बकावण्ड को उच्चाधिकारी के आदेश निर्देशों की अवहेलना अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, लापरवाही बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 72 के तहत ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के फलस्वरूप गनपत नागेश सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल जनपद पंचायत बकावण्ड को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में जनपद पंचायत बकावण्ड मुख्य कार्यपालन अधिकारी निर्धारित किया गया है।

- कर्तव्य में लापरवाही और गबन का आरोप

### ओडिशा से गांजा लेकर उत्तरप्रदेश में खपाने का करता था काम

## गांजा सप्लाई चेन में काम करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस ने गांजा सप्लाईचेन का काम करने वाला उत्तरप्रदेश के आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह ओडिशा से गांजा लेकर उत्तरप्रदेश में खपाने का काम करता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 मई को आरोपी सदन किल्लो निवासी रूपाबेडा थाना व्यापारीगुड़ा जिला कोरापूट ओडिशा, बाबली टाकरी निवासी ग्राम हल्दीमाजी गुड़ा थाना व्यापारीगुड़ा ओडिशा एवं भक्तो राम किल्लो निवासी रूपाबेडा थाना व्यापारीगुड़ा जिला कोरापूट ओडिशा द्वारा स्कुटी में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते पाया गया। आरोपियों से 25.450 किलोग्राम गांजा कीमती 2,55,000 रूपया को जप्त कर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) (ग) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार




कर रिमांड पर जेल भेजा गया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा जब्त गांजा को अरविंद यादव द्वारा गांजा को उत्तरप्रदेश ले जाने आर्डर देना बताया था, जिसकी पतासाजी की जा रही थी। फरार आरोपी अरविंद यादव की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के दिशा निर्देशन नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया। आरोपी के मोबाईल नंबर का लोकेशन जगदलपुर में पाए जाने से आरोपी अरविंद यादव वर्ष 32 निवासी बलारपुर सकलडीहा जिला चंदौली उत्तरप्रदेश को जगदलपुर से पकड़कर पूछताछ किया गया। उसने बताया कि जगदलपुर शहर में रहकर ओडिशा से गांजा का आर्डर देकर जगदलपुर मंगाता था। गांजे को जगदलपुर से उत्तरप्रदेश बनारस में ले जाकर बेचता था। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने एवं पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

### पकड़ने में इनका रहा योगदान

इसमें महत्वपुर्ण भूमिका अदा करने वाले निरीक्षक टामेश्वर चौहान, उप निरीक्षक सतीस यदुराज, डीएसएफ आरक्षक विरेन्द्र ठाकुर, सैनिक जगन्नाथ नाग का योगदान रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर होगा 18 को चिपावंड में

**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 18 अक्टूबर को कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम चिपावण्ड में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी जिला स्तरीय आधिकारियों को इन जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### छत्तीसगढ़ महिला संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ महिला संगठन की जिला कार्यकारिणी गठन को लेकर कोषागांव में विगत दिनों बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समस्त महिलाओं की सर्वसम्मति से महिला संगठन जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव पदों पर चुने गए। गठित महिला संगठन की जिला इकाई जिले में महिला अत्याचार, घरेलू हिंसा, महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण व उनके उत्थान की दिशा में कार्य करेगी। महिला संगठन में जिला अध्यक्ष पद पर अध्यक्ष अनुराधा सोरी, उपाध्यक्ष मनबती मरकाम, जानकी, राधिका व सचिव पद पर यशोदा नेताम, सहसचिव नसीब मरकाम, मनीषा बघेल, कोषाध्यक्ष सुखबती नेताम, कार्यकारणी सदस्य करिश्मा, खुशबू ,अंजू मनोनीत हुए। बीते दिनों किरंदुल में छत्तीसगढ़ महिला संगठन का प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ था। जिसमें महिला संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एनी राजा शामिल हुईं तथा उन्होंने संगठन विस्तार पर जोर दिया था।

# गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया, अनजान लोगों के साथ साझा न करें, ठगी होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुरी और आईटीआई में कोंडागांव पुलिस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान एवं यातायात जागररुकता, नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्रामपुरी क्षेत्र के थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग, साइबर सेल कोंडागांव से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक सागरबती शोरी, साइबर स्टाफ, साइबर वालेंटियर्स, महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण और महाविद्यालय व आईटीआई के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में साइबर सेल से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन ठगी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसका प्रमुख कारण लोगों का अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे आधार कार्ड, एटीएम नंबर, पैन कार्ड, और ओटीपी, बिना सोच–विचार के साझा करना है। उन्होंने छात्रों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सलाह दी कि वे अपनी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें, क्योंकि इससे ऑनलाइन ठगी का खतरा काफी बढ़ जाता है। थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग ने भी साइबर अपराध से संबंधित जानकारी प्रदान की और साथ ही उपस्थित जनसमुदाय को यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से नाबालिग बच्चों को मोटर साइकिल चलाने से बचने की सलाह दी और सभी को हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही, नशा उन्मूलन के नए कानूनों के बारे में भी जानकारी दी गई और युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई।

### विश्रामपुरी महाविद्यालय व आईटीआई में साइबर जागरुकता कार्यक्रम



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर थाना प्रभारी भुनेश्वर नाग, साइबर सेल कोंडागांव से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक सागरबती शोरी, साइबर सेल कोंडागांव के अन्य स्टाफ सदस्य, महाविद्यालय और आईटीआई के प्राध्यापक और शिक्षक भी उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, यातायात जागरुकता और नशामुक्ति के महत्व को समझाया गया।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुकता

कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए पुलिस विभाग की ओर से नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों और जनता को साइबर अपराधों के खतरों, यातायात नियमों के महत्व और नशा उन्मूलन के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने की शपथ ली। लिए प्रेरित करेगी।

## निरीक्षण: जिले के दूरस्थ अंचलों का दौरा कर कलेक्टर ने कार्यों का जायजा लिया

# हास्टल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिले के दूरस्थ अंचलों का सघन दौरा कर विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सबसे पहले केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोनगुड़ में सेजेस विद्यालय परिसर में बने नवीन छात्रावास भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास के कक्षों का निरीक्षण कर शौचालय, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर, एसपी ने की बस्तर ओलंपिक में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील

ग्राम होनहेड़ में नवीन प्री मैट्रिक बालक छात्रावास और ग्राम खाले मुरवेंड में नवीन बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य मार्ग से हॉस्टल तक सीसी रोड निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए।



कलेक्टर ने उक्त सभी छात्रावासों के बचे हुए कार्यों को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने ग्राम होनहेड़ से मातेंगा तक लगभग 14 किलोमीटर निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को सड़क निर्माण का कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बस्तर ओलंपिक के लिए आयोजित पंजीयन शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी अक्षय कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। साथ ही गांव के युवाओं को खेल



सामग्री का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बस्तर ओलंपिक के पंजीयन शिविर में हुए शामिल

कलेक्टर श्री दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने इस दौरान ग्राम होनहेड़ पहुंचकर बस्तर ओलंपिक के लिए आयोजित पंजीयन शिविर में शामिल हुए। शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि बस्तर क्षेत्र के खेल प्रतिभा को निखारने और खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बस्तर ओलंपिक में शामिल होने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बस्तर ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त आयोजन में भाग लेने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने ग्रामीणजनों से अपील करते हुए कहा कि आयोजन में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएं और अपनी सहभागिता दें। पुलिस अधीक्षक ने भी ग्रामीणजनों को बस्तर ओलंपिक में उत्साह के साथ आगे बढ़कर शामिल होने का आग्रह किया। शिविर में खेल विभाग द्वारा बस्तर ओलंपिक के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

# ग्रामीणों को विधिक सेवाओं की दें अधिक से अधिक जानकारी



**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव द्वारा पैरालीगल वालंटियर्स का एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने की। प्रशिक्षण में जिले के सभी थानों और लीगल एड क्लीनिक से जुड़े पैरालीगल वालंटियर्स ने हिस्सा लिया।

- पैरालीगल वालंटियर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

उत्तरा कुमार कश्यप ने वालंटियर्स को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करें। जिससे ग्रामीणों को विधिक सेवाओं की जानकारी मिल सके। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय ने वालंटियर्स को लीगल एड क्लीनिक और थानों में जाकर ग्रामीणों को विधिक सलाह देने और नालसा एवं सालसा की योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पैरालीगल वालंटियर्स को ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक सेवाओं का प्रचार–प्रसार करने के लिए प्रशिक्षित और प्रेरित करना था। ताकि विधिक साक्षरता और न्यायिक सहायता ग्रामीणों तक सुगमता से पहुंचाई जा सके।

**मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष सत्र :** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अधिवक्ताओं, सुरेंद्र भट्ट, चंद्र प्रकाश कश्यप और मनीषा तिवारी ने पैरालीगल वालंटियर्स को नालसा मानसिक रूप से बीमार और विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाए योजना, 2015 की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. गायत्री साय, और सभी पैरालीगल वालंटियर्स ने भाग लिया।

# आने वाली पीढ़ी को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए आयोजनों का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पंजाबी सनातन समाज धर्मसभा द्वारा आज कोंडागांव में समाज भवन में माता की भेंटों के साथ भव्य हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में न केवल पंजाबी सनातन समाज के साथ अन्य समाजों के नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत माता के भजनों से हुई। जिसमें भक्तगणों ने भक्ति भावना से हिस्सा लिया। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया। जहां समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। हवन के बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में केवल पंजाबी समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन ने धार्मिक एकता और समर्पण की मिसाल पेश की।

पंजाबी सनातन समाज के प्रमुखों ने एक बैठक में यह निर्णय लिया है कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों को भविष्य में और भी बड़े रूप में आयोजित किया जाएगा। समाज प्रमुखों का मानना है कि ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को अपने धर्म और संस्कृति के करीब लाने का महत्वपूर्ण जरिया बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी को हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए ऐसे आयोजनों का होना आवश्यक है।



### भविष्य के आयोजनों के लिए बनी कार्ययोजना

समाज ने भविष्य में और भी विशाल कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाई है। पंजाबी समाज के साथ–साथ अन्य समाजों को भी धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ा जा सके। कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को अपने धर्म और संस्कारों के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। जिससे वे अपने समाज और संस्कृति से जुड़े रहेंगे। यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# गुरु बालक दास का एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र बलिदानी राजा गुरु बालक दास साहेब को 18 वीं सदी सन् 1820 में एकादशीय के दिन राज्याभिषेक अर्थात राजा की पदवी से सुशोभित किया गया था। राजा बनने की खुशी व याद में 100 गांव सतनामी समाज स्थापना एवं धर्मसभा संसद के प्रथम परिसीमन कोंडागांव के तत्वावधान में प्रतिवर्ष राजा मेला का आयोजन ग्राम कुसमा में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी 13 अक्टूबर को ग्राम कुसमा में राजा मेला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में 100 गांव के सतनामी समाज बच्चे, महिला, पुरुष हजारों की संख्या में एकत्रित होंगे। राजा बनने के ऐतिहासिक क्षण को सांस्कृतिक रूप से खुशहाली से मनाएंगे।



- ग्राम कुसमा में सतनामी समाज के लोग होंगे शामिल

प्रथम परिसीमन कोंडागांव के ग्राम कुसमा एकादशी राजा मेला में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी मौजूद रहेंगी। अध्यक्षता लखमु राम टंडन प्रधान संयोजक 100 गांव सतनामी समाज स्थापना एवं गुरुद्वारा धर्म सभा सांसद करेंगे। 100 गांव के सतनामी समाज के प्रमुखगण विशिष्ट अतिथि होंगे। राजा मेला में सुप्रसिद्ध पंथी, पंडवानी गायिका व ज्ञान स्रोत कलामंच पद्मश्री डॉ. श्रीमती उषा बारले भिलाई दुर्ग की प्रस्तुति होगी।

इस वर्ष 100 गवा सतनामी समाज के तत्वावधान में देश में 55 स्थानों पर राजा मेला का आयोजन किया जा रहा है। राजा मेला समिति के संयोजक सुरेश बघेल, धँसराज टंडन हरिश्चंद्र डहरे, सहित समाज के लोग तैयारी में लगे हुए है। धँसराज टण्डन ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम होने के कारण जिला आबकारी विभाग से शुष्क दिवस घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

# सायबर अपराधों की रोकथाम के लिये जागरुक होना आवश्यक, अपराध की तत्काल थाने व में दें सूचना

**धनोरा।** मोबाइल एवं इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इसने आपस में संवाद करने, मित्र बनाने, नई सूचना साझा करने, खेल खेलने, खरीदारी करने के तरीके को बदल दिया है। दैनिक जीवन के अधिकांश पहलुओं को प्रभावित कर रहा है। सायबर अपराधों की रोकथाम, जागरूक होना आवश्यक है। हमें वस्तुतः विश्वभर के करोड़ों ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं से जोड़ता है। सायबरस्पेस के बढ़ते उपयोग के साथ विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ सायबर अपराध जैसे सायबर स्टाकिंग, बुलिंग, सायबर उत्पीड़न, बालक अश्लील चलचित्र चाइल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी सामाग्री आदि भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सायबर अपराधों की रोकथाम के लिये जागरुकता की भी आवश्यकता है।

- थाना परिसर धनोरा से सायबर जागरुकता पखवाड़ा का शुभारंभ

पुलिस मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक सायबर वालंटियर्स की सहभागिता से जिला में सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिला में व्यापक जनजागरुकता अभियान चलाये जाने



निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेन्द्र पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिह धनेश्री के मार्गदर्शन, नोडल अधिकारी सतीश कुमार भार्गव के नेतृत्व में आज थाना धनोरा परिसर में सायबर जागरुकता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

### परिवार को भी करेंगे जागरूक

उपस्थित लोगों ने भविष्य में सुरक्षा उपायों का पालन करने तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी जागरूक करने का आश्वासन दिया। सायबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 या भारत सरकार द्वारा जारी किए गए पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के साथ ही अपने नजदीकी थाना एवं सायबर सेल में सूचना देने समझाइश दी गई। नशामुक्ति, अभिव्यक्ति एप के संबंध में तथा सोनाचांदी विक्रेता से क्रय करने के पश्चात बिल लेने हेतु समझाइश दी गई।









# जगराता के बाद हवन भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

नवरात्रि में इस बार नकुलनार महाराणा चौक में विराजित दुर्गा माँ की भव्य प्रतिमा जिस सुविधा पंडाल में सामूहिक सहयोग से स्थापित की गई थी। वहाँ समिति के सदस्यों ने मिलकर बहुत ही अच्छी व्यवस्था नवरात्रि के पावन नौ दिनों में पदयात्रियों से लेकर दुर्गा पूजा व्यवस्था में देखने को मिली। दुर्गाष्टमी को समिति के सदस्यों ने विशेष तौर पर बड़ी महाआरती का भव्य आयोजन ग्रामवासियों के लिए रखा था। जिसमें ग्राम के सभी लोग अपने घरों से आरती की थाल सजाकर इस महाआरती में शामिल हुये। महाआरती में ग्राम के शिव मंदिर पुजारी विजय तिवारी, बड़े पंडित सुनील मिश्रा और आशीष शुक्ला महराज द्वारा यह सफल महाआरती का आयोजन विधिवत पूजा अर्चना के साथ कराया गया। एक साथ सभी ने महाआरती कर माँ भगवती का आशीर्वाद लिया।

## जगराता में झूमे भक्त

इस बार दुर्गा समिति द्वारा विशेष जगराता कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें गायक नीलिमा कर्मकार ने भक्ति गीतों ने रातभर समा बांध दिया। इस कार्यक्रम में भक्ति रंग में सराबोर भक्तों ने पंखिड़ा-पंखिड़ा गीत पर अलग-अलग समूहों में कई टोलिया बनाकर भक्तिमय माहौल में गुजराती डांडिया नृत्य करते नजर आये। इस तरह का सार्वजनिक आयोजन पहली बार नकुलनार ग्राम में बीच चौराहे पर आयोजित होने के पीछे सभी ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा है। युवाओं ने आपस में चर्चा कर आने वाले वर्ष में और अधिक संगठित होकर इस आयोजन की भव्यता को बढ़ाने की चर्चा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में टैक्सी यूनियन ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## हवन में मंत्रोच्चार

नौंवी के दिन सुबह से ही तीन हवन कुंड बनाकर मंत्रोच्चार और हवन के धुंए से आसपास का पूरा वातावरण भक्तिमय दिखाई दे रहा था। हवन कुंड में ग्रामवासियों ने बैठकर यज्ञआहुति देते हुये माँ जगदम्बे का आशीर्वाद लिया। इसमें दाम्पत्य जुड़े भी बैठे थे फिर शुरू हुआ भंडारा। आपको बता दे कि भंडारे में 1 क्विंटल आटे की पूड़ी, सब्जी और खीर समिति के सदस्यों द्वारा देवी माँ के भक्तगणों को प्रसाद स्वरूप बाटने के लिये रखा गया था। चौराहे पर भंडारे का प्रसाद आने-जाने वाले राहगीरों से लेकर आस-पास के ग्रामीणों में बांटा गया। देर शाम तक यह आयोजन चला। समिती के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा विसर्जन के लिये बंगाली ट्रेडिशन ढोल भी मंगवाया जा रहा है। एक ग्राम की महिलाओं द्वारा एक क्लश शोभायात्रा भी ग्राम भ्रमण करवाई जायेगी। सीमिति द्वारा आस पास के सभी सनातनियों से प्रेम पूर्वक आह्वान किया गया है कि इस शोभायात्रा और विसर्जन में जरूर सम्मलित होकर

# माता गंगादेई व देवी दुर्गा का दर्शन कर सांसद ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर सहित गांव-गांव में देवी मंदिरों में आज दुर्गा अष्टमी और महानवमी का पर्व मनाया जा रहा है। मंदिरों सहित जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शुक्रवार को नगर पंचायत बस्तर के विभिन्न देवी मंदिरों व दुर्गा पंडाल में बस्तर सांसद महेश कश्यप पहुंचकर हवन पूजन कर पूजा अर्चना किया। सर्वप्रथम भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास में देवी प्रतिमा का दर्शन करने के पश्चात परसा पर दुर्गा मंडली में दर्शन के बाद बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण एवं युवाओं से चर्चा किया। इसके पश्चात माता गंगादेई मंदिर में हवन पूजन कर माता का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात नवागुड़ा के देवी मंदिर में दर्शन करने के पश्चात हनुमान मंदिर दुर्गा उत्सव में पहुंचकर दर्शन उनके द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल

## कुंवारी कन्या पूजन...



जगदलपुर। नवरात्र के अंतिम दिन नवमीं पर देवी के रूप में कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर आर्शिवाद लेने की परंपरा है। आज शुक्रवार को अष्टमी और नवमीं दोनों होने से अष्टमी पर मंदिरों में हवन और नवमीं पर कन्या पूजन किया गया। छोटी-छोटी बालिकाओं को देवी के रूप में मानते हुए उनके पैर धुलवाए गए और खीर-पूड़ी, हलवा सहित अन्य पकवान और फल खिलाकर चरण छूकर आर्शिवाद ली गई। छाया: संतोष पाण्डे

# कन्या भोज तथा भंडारा का आयोजन



तोकापाल। परपा ग्राम पंचायत में पिछले 21 वर्षों से नवरात्रि महोत्सव के दौरान देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है। परपा शिव मंदिर में सार्वजनिक रूप से नवरात्रि महोत्सव को हर्षोल्लास पूर्वक नौ दिनों तक विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया जाता है। वहीं नौ दिनों तक देवी की नौ रूपों की पूजा किया जाता है। इस पूजा में ग्राम की महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। शुक्रवार को नवरात्रि के नौवें दिन कन्या भोज के साथ ही भव्य रूप में भंडारा कराया गया। ग्राम की महिलाएं सुबह से ही मंदिर प्रांगण में पहुंच कर अपने हाथों से खीर,पुड़ी तथा सब्जी पका कर नौ कन्या देवी के नौ रूपों को श्रद्धा पूर्वक भोजन कराया, इसके बाद ही खीर, पुड़ी तथा सब्जी का प्रसाद भक्तों को भंडारे के रूप में वितरण किया गया।

# नेगानार में विजयादशमी में होगा 21 फिट का रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



हर साल की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के दशहरा विजयादशमी के दिन रावण दहन के लिए गांव नेगानार में 21 फीट का रावण तैयार किया गया हैं। एक सप्ताह से गांव के राम जायसवाल की मदद से रावण को खड़ा किया था। रावण दहन कार्यक्रम में आसपास के 15गाँवो के लोंगो का भीड़ एकत्रित होगा। जहां मेला के रूप में ओडिशा से लाये रामलीला नाटक दिखाकर शनिवार को 21 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जायेगा।

20 सालो से यह परम्परा चला आ रहा हैं। तभी से यहां रामलीला नाटक दिखाकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। यहां की अहम बात यह है कि हर साल यहां एकमात्र क्षेत्र का सबसे ऊंचा रावण का पुतला जलाया जाता है। इस नवरात्रि में गांव के समस्त लोंगो का जमावाड़ा होकर हर दिन पूजा अर्चना कर दिन की शुरवात की जाती रही हैं। दो साल पहले 15 फीट ऊंचे रावण का गांव में दहन किया गया था। इस बार रावण की ऊंचाई कुछ ज्यादा की गई है। 21 फीट का रावण गांव के एक आदमी ने ही तैयार किया हैं। सौभाग्य से उसका नाम राम जायसवाल हैं जो नेगानार गांव का ही हैं।

गांव में बड़े हर्षोल्लास के साथ शिव मंदिर में नव दुर्गा का कार्यक्रम नौ दिन चला, इसके साथ विज्यादसमी में रावण दहन के साथ क्षेत्र की सुख, शांति खुशहाली बनी रहें इसकी कामना दुर्गा समिति के सदस्य जयराम कश्यप, दलपत राय, लक्ष्मण कश्यप, सम्पत बघेल, दायलु राय, जयकुमार नेवरा, मुन्नू सिंह, पेनु जायसवाल एवं पुरे गांव वाले ने की हैं।

# सभी ग्राहक सेवा केंद्रों में ग्रामीणों को पैसा लेने पर पावती अवश्य दिया जाए: लच्छूराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

भारतीय जनता पार्टी के चित्रकोट पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप ने ग्राहक सेवा केंद्र से ग्रामवासियों के शिकायते आने के बाद तत्काल लोहण्डीगुड़ा बैंक मैनेजर से मिल विकासखंड के सभी ग्राहक सेवा केंद्रों में ग्रामीणों को पैसा लेने पर पावती देने को कहा गया है। क्योंकि ग्रामवासियों को रूपयों निकालने का जानकारी हो।

पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप ने कहा हमारी भाजपा की सरकार ने सभी ग्रामीणों के लिए कही योजनाओं बनाई है, छत्तीसगढ़ में सभी महिलाओं को महतारी योजना 1000 रूपये मिलता है, किसानों को किसान निधि भी आज कल ग्रामवासियों ने क्षेत्र के ग्राहक सेवा केन्द्रो से निकलते हैं। जिनको बैंक के माध्यम से सीधा लाभ सभी ग्रामीणों को बराबर मिले और रूपये निकालने पर पावती रसीद दिया जाये।

अगर किसी ग्रामीण को पैसा ठगी करने शिकायते मिलने उस ग्राहक सेवा केन्द्रों तत्काल बंद किया जाएगा। इस दौरान लोहण्डीगुड़ा मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, भरत कश्यप, बलीराम बघेल आदि उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं ने दुर्गा चौक में किया प्रसाद ग्रहण



नगरनार। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नगरनार दुर्गा चौंक में नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना किया गया है। पूजा के प्रथम दिन से नवमी तक विधि विधान से माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर शुक्रवार को महा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने दुर्गा चौंक में आ कर प्रसाद ग्रहण किया। आज इस अवसर पर क्षेत्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष श्रीहरि साहू, कस्तूरी के भूतपूर्व सरपंच बनमाली नाग वर्तमान, ग्राम पंचायत नगरनार के उप सरपंच रवि शंकर दास दुर्गा चौंक के कमिटी को सहयोगी राशि 10000 प्रदान किये। शनिवार को मूर्ति विसर्जन किया जाना है, जिसमें तरह-तरह की झाँकी, डीजे, बैंड शामिल रहेगा।

**न्यायालय कमिश्नर, बस्तर संभाग, जगदलपुर**
**//राजस्व मामले में नोटिस //**

मामले का विषय-राजस्य अपील प्रकरण में सुनवाई बाबत्।
मामला क्रमांक- 202312950100026/अ-23/2023-24
अपीलार्थीगण- कोसा पिता स्व. सुकटा एवं अन्य 06 निवासी ग्राम चोकर, तहसील बस्तर, जिला बस्तर छ.ग.।

**विरूद्ध**

उत्तरवादीगण-1 श्रीमती राधामनी उर्फ राधा पति कामदेव पिता लछीम निवासी जवाहर नगर मेटगुड़ा जगदलपुर, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.। 2. चैतन पिता जुगधर निवासी जवाहर नगर मेटगुड़ा जगदलपुर, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.।

**दावा**

श्रीमती राधामनी उर्फ राधा पति कामदेव एवं चैतन पिता जुगधर, दोनों निवासी जवाहर नगर मेटगुड़ा जगदलपुर, तहसील जगदलपुर एतद् द्वारा आपको दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण कोसा पिता स्व. सुकटा एवं अन्य 06 निवासी ग्राम चोकर, तहसील बस्तर जिला बस्तर छ.ग. की ओर से अधिवक्ता श्री दीपक श्रीवास के द्वारा न्यायालय कलेक्टर जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202210150400012/22/2022-23 में पारित आदेश दिनाक 18.10.2024 से पीड़ित होकर अतर्गत धारा 44 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई तारीख 12.11.2024 को प्रातः 11.30 बजे स्थान न्यायालय कमिश्नर बस्तर संभाग जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. में नियत है।

अतः आप उक्त अपील प्रकरण में सुनवाई हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से तो नियत तिथि 12.11.2024 को प्रातः 11.30 बजे न्यायालय कमिश्नर बस्तर संभाग जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

न्यायालय के आदेशानुसार
अधीक्षक
आयुक्त, कार्यालय बस्तर संभाग
जगदलपुर




जगदलपुर। सिटी ग्राउंड परिसर चांदनी चौक में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।


जगदलपुर। दुर्गा चौक में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।


जगदलपुर। संजय बाजार चौक में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।


जगदलपुर। पॉवर हाउस चौक में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।


जगदलपुर। गंगामुण्डा तालाब के पास स्थापित दुर्गा प्रतिमा।


जगदलपुर। माता संतोषी वार्ड में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।


जगदलपुर। गंगामुण्डा में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।


जगदलपुर। माड़िया चौक में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।

### बंगीय समाज, मैत्री संघ, धरमपुरा दुर्गा मंडप में श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण

# विधायक ने विभिन्न दुर्गोत्सव पूजा मंडप में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- बस्तर एवं छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की मंगल कामना की



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा मंडप में पहुंच पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया। सर्वप्रथम वे बलीराम कश्यप वार्ड में दुर्गा उत्सव में शामिल होकर माता दुर्गा की पूजा कर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। ततपश्चात वे बंगीय समाज के दुर्गा उत्सव में शामिल होकर माता दुर्गा की पूजा में सम्मलित हुए। बंगीय समाज मे दुर्गा उत्सव मंडप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक देव ने श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया।

इस कड़ी में वे बलीराम कश्यप वार्ड राम मंदिर के पास दुर्गा उत्सव में शामिल होकर माता दुर्गा की पूजा कर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख समृद्धि की मंगल कामना किया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, विधाशरण तिवारी व वार्डवासी उपस्थित थे। साथ ही मैत्री संघ दुर्गा उत्सव मंडप आयोजित धार्मिक पूजा में सम्मलित हुए। यहां भी वे श्रद्धालुओ को खिचड़ी वितरण किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष धरमपूरा नंबर दो के दुर्गा उत्सव में शामिल होकर प्रसाद वितरण किया।


# आड़ावाल मिलन संघ में गंगावरण के साथ शुरू हुआ दुर्गा पूजा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




शहर से सटे ओरना कैम्प आड़ावाल में दुर्गा उत्सव का 60 वां वर्ष का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाने एक महीना पूर्व से तैयारी चल रही थी। मिलन संघ के अध्यक्ष श्याम घोष व सचिव तपन राय ने बताया कि भव्य आयोजन सभी के सहयोग से सम्भव हो पा रहा है। आड़ावाल के सभी लोग इस आयोजन को अपने परिवार का आयोजन मानते है दिलखोल कर सहयोग करते है। यहा सच्चे मन से मांगी हुई हर मनोकामना पूरी होती है। घोष के मुताबिक 60 वर्ष से लगातार यहां विधि विधान के साथ धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में महिलाये बच्चे, युवा व सभी पदाधिकारी माँ इन्द्रावती नदी से गंगावरण, पुजन कर माँ दुर्गा जी को आमंत्रण कर कलश मे जल लेकर पुजा स्थल पहुंची। शाम को दुर्गा देवी का बोधन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर पूजन किया। शुक्रवार को बेल पुजा में आमंत्रण अधिवास के साथ देवी मां के दर्शन सभी को प्राप्त होगा। आयोजन को सफल बनाने वासुदेव हावलादार,चैतन दास ,श्यामल मैत्र,सुब्रतो विश्वास,संजय गुप्ता,चनदन चक्रवर्ती, मणिलाल सरकार,रविन्द्र नाथ राय, जय आन्नद दास , रमन राय,समित देव ,प्रवीर पाल,विकास सिकदार, अशोक बनिक,अनुराज साहा, गुप्तेश्वर नायडू,कुनाल दास,शौरभ सरकार, विशाल विश्वास, विकास दास,संदीप दास,राजकुमार विश्वास,दीपेश दास , नीलू राय, विष्णु राजवंशी सहित सभी कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने लगे हुऐ है। महाभण्डारा का आयोजन शनिवार को दशमी के दिन होगा।

## वेटनरी पॉलिटेक्निक में विश्व अंडा दिवस पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वेटनरी पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुक्रवार को विश्व अंडा दिवस के अवसर पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्भाग मुख्यालय स्थित वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व अंडा दिवस मनाया गया। इस दिन के अवसर पर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का किया गया था। खासकर विश्व अंडा दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अंडे के पोषण और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना है। प्रतियोगता कार्यक्रम में सम्मलित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता छात्र -छात्राओ को प्रमाणपत्र दिया जायेगा। इसकी जानकारीसंस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ नितेश कुम्भकार,डॉ राजेश सुधाकर वाकचौर, एवं अंशकालीन शिक्षक डॉ. प्रतिभा ताटी ने इस बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया।

# बीईटीओ पदोन्नति करने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर संभाग के 12 अभ्यार्थी जो खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी के पात्र अभ्यार्थी पदोन्नति के लिए वन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपा एवं पदोन्नति की मांग रखी। पदोन्नति से शासन को कोई वित्तीय भार नही पड़ेगा चूंकि उक्त पद के लिए ग्रेड पे 2800 ही है इस पद के लिए सभी अभ्यार्थी शासन प्रशासन से शीघ्र पदोन्नति की प्रत्याशा में है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वास्थ्य विभाग में विगत कई वर्षो् से लंबित बीईटीओ की पदोन्नति नही होने का कारण शासन की कई योजनाओं एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक नही पहुंच पा रहा है। कई वर्षो से लंबित पूरे बस्तर संभाग में 18 पद रिक्त है वर्तमान में जारी सूची में कुल 12 पात्र अभ्यार्थी संभाग मे उपलब्ध है। शासन के नियमानुसार खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी के पद का 80 प्रतिशत पदोन्नति के द्वारा एवं 20 प्रतिशत सीधी भर्ती के द्वारा लिये जाने का शासन से प्रावाधान है। बस्तर संभाग में सुदुर अंचलों में खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी के पद रिक्त है जिससे शासन की स्वास्थ्य योजनाओं एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस विषय पर गंभीर न होन प्रतीत हो रहा है। छग शासन की महत्व पूर्ण योजना नियद नेल्लानार के तहत सभी स्वास्थ्य योजनाओ एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का लक्ष्य अधूरा साबित हो रहा है।

## सांसद ने की मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना...


जगदलपुर। सांसद महेश कश्यप सपरिवार दंतेवाड़ा पहुंचकर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं बस्तर एवं छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना की।

# जूनियर टेनिस वर्ग के डबल्स स्पर्धा में रोहित आदित्य, प्रखर व अथर्व फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विधायक ने टेनिस बाल में शार्ट मारकर स्पर्धा का किया उद्घाटन



शुक्रवार को लॉन टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम स्थित टेनिस कोर्ट में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अथिति किरण सिंह देव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयनाथ जेम्स द्वारा की गयी। उद्घाटन समारोह में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक राजेंद्र डकाते, जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ के एल आजाद, सचिव थॉमस फिलिप उपाध्यक्ष मो फिरोज एवं सभी खिलाड़ी उपस्थित थे। आज सीनियर के सिंगल्स मुकाबले खेले गए जिसमे थॉमस फिलिप, मनोज पटेल, डॉ आजाद एवं हरदीप सिंह सेमीफाइनल में स्थान बनाने में सफल रहे। जूनियर्स अंडर 19 के खिलाडियों के डबल्स के लीग मुकाबले खेले गए। जिसमे एन रोहित, आदित्य विश्वकर्मा, प्रखर आजाद एवं अथर्व मिश्रा ने फाइनल में जगह बनायीं। अंडर 19 के सिंगल्स मुकाबले प्रथम दौर के कुछ मुकाबले संपन्न हुए एवं ओपन सिंगल्स के एवं डबल्स के मुकाबले सम्पन्न हुए।

किरण देव ने कहा कि टेनिस अब भारत में लोकप्रिय खेल बनता जा रहा है। हमारा प्रयत्न रहेगा की टेनिस के खेल को आगे बढ़ाते हुए प्रतिभाओं को विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। खेल हमेशा से मानसिक एवं शारीरिक स्तर के विकास में सहायक है, विधायक देव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## वेटनरी पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओ ने किया बस्तर डेयरी फार्म का शैक्षणिक भ्रमण

**जगदलपुर।** वेटनरी पॉलिटेक्निक के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर से सटे ग्राम बोरपदर स्थित बस्तर डेरी फार्म का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां डेरी फार्म के गुणवत्ता नियत्रंण मैनेजर मुरलीधर डमाले ने बताया की दूध के आलावा विविध उत्पाद जैसे दही, पनीर, खोवा, घी, लस्सी, पेड़ा, बटर मिल्क आदि का उत्पादन किया जाता है। इसमें दूध संग्रहण से लेकर दूध मे मिलावट पहचानना,दूध प्रक्रिया,भण्डारण, शीतलीकरण, पैकेजिंग इत्यादि को प्रायोगिक तोर पर दिखाया। इस दौरान संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितेश कुम्भकार,डॉ राजेश सुधाकर वाकचौरे सहायक प्राध्यापक, वेटनरी पॉलिटेक्निक एवं अंशकालीन शिक्षक डॉ. प्रतिभा ताटी सहित छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

